दिनांक : 19 अगस्त, 2026

# आवश्यक सूचना

समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि छात्र पंजीकरण एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में निम्नलिखित निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें–

**1. पोर्टल के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना**

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि पोर्टल वर्तमान में केवल पूर्व में पंजीकरण कर चुके अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र (Application Form) को पूर्ण करने हेतु खुला (19 august 2026 - 20 august 2026) है। इस समय नवीन पंजीकरण (New Registration) की सुविधा उपलब्ध नहीं है। अतः अभ्यर्थी इस संबंध में किसी प्रकार का भ्रम न रखें।

जिन अभ्यर्थियों ने ₹150 पंजीकरण शुल्क जमा कर दिया है, लेकिन अभी तक कार्यक्रम/पाठ्यक्रम (Program) का चयन नहीं किया है अथवा आवेदन पत्र (Application Form) पूर्ण कर Submit नहीं किया है, उनके लिए आवेदन पत्र पूर्ण करने का यह अंतिम एवं महत्वपूर्ण अवसर है। ऐसे अभ्यर्थी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने आवेदन पत्र को पूर्ण कर Submit करना सुनिश्चित करें।

**2. रिक्त एवं श्रेणीवार रिक्त सीटों की जानकारी**

अभ्यर्थी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने से पूर्व सम्बन्धित महाविद्यालय/परिसर में इच्छित पाठ्यक्रम की कुल रिक्त सीटों तथा श्रेणीवार (Category-wise) रिक्त सीटों की उपलब्धता के संबंध में सम्बन्धित महाविद्यालय/परिसर से जानकारी प्राप्त कर उसकी पुष्टि अवश्य कर लें।

अभ्यर्थी विशेष रूप से यह सुनिश्चित करें कि उनकी सम्बन्धित श्रेणी में इच्छित पाठ्यक्रम हेतु रिक्त सीट उपलब्ध है। यदि किसी पाठ्यक्रम अथवा किसी विशेष श्रेणी की सभी सीटें भर चुकी हैं, तो ऐसी स्थिति में किया गया पंजीकरण / आवेदन प्रवेश का अधिकार अथवा प्रवेश की गारंटी प्रदान नहीं करता है।

**3. महाविद्यालय/पाठ्यक्रम में परिवर्तन का अवसर**

वे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में किसी महाविद्यालय/परिसर अथवा पाठ्यक्रम (Program) का चयन कर आवेदन किया था, लेकिन उन्हें उस चयनित महाविद्यालय/पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त नहीं हो सका है, उन्हें उपलब्ध विकल्पों एवं रिक्त सीटों के आधार पर अन्य महाविद्यालय/परिसर अथवा अन्य पाठ्यक्रम में आवेदन करने का अवसर भी प्राप्त हो सकता है। अतः ऐसे अभ्यर्थी भी सम्बन्धित महाविद्यालय/परिसर में उपलब्ध कुल एवं श्रेणीवार रिक्त सीटों की जानकारी प्राप्त कर, अपनी पात्रता एवं उपलब्ध विकल्पों के अनुसार अन्य उपयुक्त महाविद्यालय/पाठ्यक्रम का चयन कर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

अतः सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर एवं रिक्त सीटों की **कुल तथा श्रेणीवार उपलब्धता की पुष्टि** करने के पश्चात ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें, जिससे प्रवेश के समय किसी भी प्रकार की असुविधा, भ्रम अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

**– विश्वविद्यालय प्रशासन**